# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-112 | सागवाड़ा, बुधवार,22 दिसम्बर, 2021 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर मांग हुई तेज

**सागवाड़ा।** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षा विद वेचात डेंडोर, राजस्थान शिक्षक राष्ट्रीय के जिला मंत्री कन्हैयालाल व्यास व रेसला ब्लॉक अध्यक्ष जय प्रकाश पाटीदार के नेतृत्व में शिक्षकों ने नई पेंशन नीति के गजट आदेश की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराया। शिक्षकों ने कहा कि नई पेंशन नीति राज्य कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है क्योंकि कर्मचारी अपने जीवन काल का अमूल्य समय सेवा काल में गुजार देता है इसके बावजूद सेवानिवृत्ति बाद उसे न्यायोंचित लाभ नहीं मिल पाता है।

जनप्रतिनिधियों को जहां पूर्व की भांति पेंशन भुगतान के साथ समय समय पर इजाफा किया जा रहा है वहीं कर्मचारियों के हितों के साथ कुठाराघात किया गया जो मानवाधिकार विरोधी नीति है अत: शीघ्र पूर्ण समीक्षा कर पुरानी पेंशन योजना को यथावत लागू किया जाना चाहिए। इस अवसर पर धन्यकुँवर जैन, महिपाल सिंह चौहान,सुरेंद्र सिंह राव, मंजू कटारा, प्रवीण पाटीदार, संतोष डेंडोर, निशि भारती,देवीलाल पाटीदार सहित शिक्षक उपस्थित थे।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीष पुनिया 24 को डूंगरपुर में

**डूंगरपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीष पुनिया के 24 दिसम्बर को डूंगरपुर में भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति बैठक को संबोधित करेंगे। जिला अध्यक्ष प्रभु पंडया ने बताया के प्रदेशाध्यक्ष डॉ पुनिया सुबह 11 बजे मोतली मोड़ पर पहुंचेंगे जहां भाजपा जिला संगठन द्वारा स्वागत किया जावेगा। इसके उपरांत पालवाड़ा, देवल, सतीरामपुर, रेल्वे, राजपुर रैनबसेरा, हॉस्पिटल मोड़, भाजपा कार्यालय, प्रताप सर्कल, चपलोत लेब के पास, हॉस्पिटल चोराये पर विधानसभा, मोर्चो, नगर परिषद द्वारा स्वागत किया जावेगा। इसके उपरांत दोपहर 2.30 बजे विजयाराजे सिंधिया ऑडिटोरियम में बेठक को सम्बोधित करेंगे।

## राजस्थान में आज कोरोना के 19 केस

**जयपुर।** राजस्थान में कोरोना के 24 घंटे में 19 नए केस मिले हैं। जयपुर, उदयपुर, झालावाड़ समेत 9 जिलों में मिले मरीजों में सबसे ज्यादा मामले जयपुर में है। झालावाड़ में दिसंबर में पहला नया केस मिला है। वहीं, पूरे राज्य में आज 18 मरीज रिकवर हुए है, जिसके बाद एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 218 हो गई। वहीं, जयपुर में आज 4 ओमिक्रॉन संक्रमितों की भी रिपोर्ट आई है, जिसमें से 2 मरीजों को आरयूएचएस में भर्ती करवाया गया है।

### राजस्थान लोक सेवा आयोग का 73वां स्थापना दिवस

# युवाओं का भविष्य बने,आयोग की साख बनी रहे: गहलोत

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए उन संस्थाओं में जनता का विश्वास कायम रहना जरूरी है। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने इस विश्वास को कायम रखते हुए अपनी एक अलग प्रतिष्ठा बनाई है। आयोग प्रशासनिक सेवाओं के साथ ही अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं के लिए युवाओं का चयन करता है। यहां युवाओं का भविष्य बनता है। ऐसे में जरूरी है कि आयोग की साख बनी रहे। गहलोत बुधवार को मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी), अजमेर के 73वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने आयोग के अध्यक्ष, सभी सदस्यों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों को स्थापना दिवस की बधाई दी और आयोग की उत्तरोत्तर प्रगति की

कामना की। उन्होंने कहा कि आयोग की आज जो प्रतिष्ठा है, उसका श्रेय इसके पूर्व अध्यक्षों, सदस्यों एवं समस्त कर्मचारियों को जाता है। उन्होंने उन सभी आयोग अध्यक्षों-सदस्यों को भी याद किया जो आज हमारे बीच नहीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रदेश में भर्तियां निष्पक्ष, समयबद्ध रूप से एवं पारदर्शी तरीके से हों। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले तीन साल में नौकरियों में कोई कमी नहीं रखी है। भर्ती प्रक्रिया में सुधार एवं विभिन्न भर्तियों में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए राज्य सरकार ने आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष एमएल कुमावत की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी, जिसने अपनी सिफारिशें प्रस्तुत कर दी हैं। राज्य सरकार इन सिफारिशों को लागू कर भर्ती प्रक्रिया को सुगम बनाने का प्रयास कर रही है। गहलोत ने आरपीएससी द्वारा वर्ष 2022 का भर्ती कैलेण्डर जारी करने पर खुशी जताई और कहा कि इससे प्रदेश के युवाओं में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि यूपीएससी की तर्ज पर आरपीएससी द्वारा भी समस्त भर्तियां समयबद्ध एवं कैलेण्डर के अनुसार हों। उन्होंने कहा कि ?से प्रयास किए जाएं कि जो भर्तियां निकलें उनकी प्रक्रिया समय पर पूरी हो जाए एवं वे किसी तरह के लिटिगेशन में नहीं उलझें। मुख्यमंत्री ने राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा किए गए नवाचारों विशेषकर ऑन स्क्रीन मॉनिटरिंग एवं अभाव अभियोग निराकरण पोर्टल की सराहना की।

## पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर जिला और तहसील मुख्यालयों पर प्रदर्शन

**डूंगरपुर।** जिलेभर में राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की ओर से पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय से लेकर सभी तहसील मुख्यालयों पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान शिक्षको ने एनपीएस लागू करने की अधिसूचना की प्रतिया जलाकर विरोध दर्ज करवाया। वही इस मौके पर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौपे गए। पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर विभिन्न शिक्षक संगठन लम्बे समय से अपना विरोध जता रहे है। इसी कड़ी में आज डूंगरपुर जिले के राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत की ओर से जिलेभर में प्रदर्शन किया गया और NPS अधिसूचना की प्रतियाँ जलाते हुए अपना विरोध दर्ज करवाया। डूंगरपुर शिक्षक संघ शेखावत के जिला अध्यक्ष मणिलाल मालीवाड़ ने बताया की एनपीएस के विरोध में और पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर लम्बे समय से संघर्षरत है। उन्होंने बताया की राजस्थान सरकार के अंतर्गत 1 जनवरी 2004 के बाद सेवा में आए कर्मचारियों पर राजस्थान सरकार द्वारा जारी राजस्थान सिविल सेवा (अंशदायी पेंशन) नियम 2005 लागू किए गए हैं जो भारत सरकार के 22 दिसंबर 2003 की NPS अधिसूचना एवं पीएफआरडीए एक्ट 2013 के तहत लागू किए गए हैं। जिसकी वजह से कर्मचारी तथा उसके परिवार की सामाजिक सुरक्षा को खत्म करने के साथ ही उनके जीवन को अंधकारमय बना दिया है । उन्होंने बताया की सरकारों के इस कदम से कर्मचारियों की बुढ़ापे की लाठी छीन ली गई है। जिससे कर्मचारी वर्ग चिन्तित भी है और आक्रोशित भी है। इधर प्रदर्शन के बाद जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर और सभी तहसील मुख्यालयों पर तहसीलदारों को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया है और सरकार से पुरानी पेंशन को लागू करने की मांग की है।

## दुर्घटना में मृत्यु होने पर राज्य सरकार से आर्थिक सहायता की मांग

### पालिकाध्यक्ष ने तहसीलदार को लिखा पत्र

**सागवाड़ा।** भवन निर्माण में मजदूरी का कार्य करते समय करंट लगने से हुई मृत्यु से राज्य सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की गई है।

इसे लेकर पार्षदों ने पालिकाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया को पत्र लिख कर सरकार से आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की गई है। पत्र में बताया कि वार्ड नंबर 1 एकलव्य कालोनी निवासी अर्जुन पिता लालशंकर डामोर 1 दिसंबर को सदर बाजार में भवन निर्माण में मजदूरी का कार्य कर रहा था। इस दौरान करंट लगने से वो घायल हो गया था। उसे तत्काल सागवाड़ा के सरकारी अस्पताल ले जाया गया था जहां से उदयपुर रेफर किया था। 12 दिसंबर को उसकी मौत हो गई।

## राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर प्रारंभ

**सागवाड़ा।** स्वर्गीय भीखाभाई भील राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों ईकाईयों का संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर बुधवार से प्रारम्भ हुआ। शिविर का उद्घाटन सत्र महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। शिविर का शुभारम्भ प्राचार्य द्वारा मॉ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ। कार्यक्रम अधिकारी सुनिता सेंगाडा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सात दिवसीय शिविर की कार्य रूपरेखा प्रस्तुत की। राजकीय महाविद्यालय चिखली के प्राचार्य उपेन्द्र

कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्य ने अध्यक्षीय उद्बोधन में स्वयं सेवकों को सेवा कार्य हेतु प्रेरित करते हुए अपने अनुभव सांझा किये। इस अवसर पर संकाय सदस्य डॉ. धर्मेन्द्र पाटीदार, डॉ. सोनु शर्मा, जयेश गुप्ता, तुषार बरण्डा, सुनिल पटेल, संकेत भावसार आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. दीपक सालवी ने किया। द्वितीय सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा महाविद्यालय उद्यान एवं बाह्य परिसर की साफ सफाई का कार्य किया गया।

## काहेला विद्यालय में हुआ साईकल वितरण समारोह

**सागवाड़ा।** कार्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काहेला में सत्र 2021-22 के अंतर्गत कक्षा 9 में अध्ययनरत बालिकाओं को निश्शुल्क साइकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच सुमित्रा परमार थे। विशिष्ट अतिथि एसएमसी अध्यक्ष ईश्वर लाल परमार, उपसरपंच अमृत देवी खराड़ी, दिनेश परमार, कालूराम खराड़ी तथा प्रधानाध्यापक भवानीशंकर सुथार थे एवं अध्यक्षता प्रधानाचार्य मोहनलाल यादव ने की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मोहन लाल यादव ने सभी बालिकाओं को आगामी बोर्ड कक्षा में स्कूटी लाने हेतु प्रोत्साहित किया। स्थानीय विद्यालय की कुल 20 छात्राओं को उनके अभिभावकों के समक्ष साइकिलें वितरित की गई। कार्यक्रम में नटवर लाल पाटीदार, गजेंद्र कुमार, जीवराज खांट, सुरेश चंद्र डेंडोर, रतनलाल रोत सहित समस्त स्टाफ एवं ग्रामीण मौजूद रहे ।

## पत्रकार कल्याण एवं उनकी समस्याओं के समाधान, के लिए कमेटी गठित होगी, सीएम ने ली बैठक

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की समीक्षा बैठक में पत्रकारों के कल्याण एवं उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक कमेटी के गठन का निर्णय किया गया। यह कमेटी अधिस्वीकृत पत्रकारों के साथ-साथ गैर-अधिस्वीकृत पत्रकारों की समस्याओं पर भी विचार करेगी और इस सम्बन्ध में समाधान प्रस्तुत करेगी। यह कमेटी राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को आमजन तक आसानी से कैसे पहुंचाया जाए इस सम्बन्ध में भी सुझाव देगी। मुख्यमंत्री ने बेतरतीब होर्डिंग्स के कारण शहरों की सुंदरता बिगड़ने को रेखांकित करते हुए अधिकारियों को आउटडोर मीडिया पॉलिसी बनाने के निर्देश दिए। इस पॉलिसी के माध्यम से शहरों में लगने वाले होर्डिंग्स का आकार एवं स्थान तय करने के साथ ही सक्षम स्वीकृति के आधार पर होर्डिंग्स लगाए जाएंगे। इसमें शहरों की सुंदरता का भी ध्यान रखा जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री ने सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के सुदृढ़ीकरण के सम्बन्ध में विस्तृत कार्य योजना बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। गहलोत ने डिजिटल मीडिया पॉलिसी, सोशल मीडिया पॉलिसी शीघ्र बनाने के निर्देश दिए।

## मालगाड़ी की 42 बोगियों में 26 हजार क्विंटल गेंहू हरियाणा से आज डूंगरपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचा

### एफसीआई में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत खत्म हुआ गेंहू का स्टॉक आया

**डूंगरपुर।** जिले में एफसीआई में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत खत्म हुआ गेंहू का स्टॉक अब मिल गया है। पहली बार मालगाड़ी की 42 बोगियों में 26 हजार क्विंटल गेंहू हरियाणा से आज डूंगरपुर रेलवे स्टेशन पर पहुँच गया है।

जिसे ट्रको की मदद से एफसीआई के गोदाम में पहुँचाया जा रहा है। एफसीआई में गेंहू पहुँचने से अब प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में जल्द ही लाभार्थियो को गेंहू मिलेगा। दरअसल डूंगरपुर जिले के एफसीआई में 15 दिसम्बर से गेंहू का स्टोक ख़त्म हो गया था जिसके चलते प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना में लाभार्थियों को गेंहू का वितरण नहीं हो पाया था।

उदयपुर एफसीआई डिपो मैनेजर रामलाल मीणा ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत 55 हजार क्विंटल गेंहू की डिमांड है। हरियाणा से मालगाड़ी की 42 बोगियों में 52 हजार 866 कट्टे गेंहू की सप्लाई मिल गई है। 26 हजार 400 क्विंटल गेंहू रेलगाड़ी से आया है। आधी रात को गेंहू से भरी मालगाड़ी के आते ही एफसीआई उदयपुर के मैनेजर रामलाल मीणा, डुंगरपुर मैनेजर मोहनलाल समेत कई अधिकारी स्टेशन पर पंहुच गए। रात से ही करीब 200 से ज्यादा ट्रक लगाकर गेंहू की इन बोरियों को एफसीआई गोदाम थाणा ओर दूसरी जगह पर स्टॉक किया जा रहा है। उदयपुर डिपो मैनेजर रामलाल मीणा ने बताया कि करीब 30 हजार क्विंटल गेंहू की सप्लाई ट्रको के माध्यम से आ रहा है। इसके बाद जिलेभर में राशन डीलर को डिमांड के अनुसार सप्लाई कर दी जाएगी, जिससे लोगों को इस महीने अब तक अटका गेंहू भी मिल सकेगा।

## पाटीदार समाज की खेलकूद प्रतियोगिता के लिए पाडवा में हुई बैठक

**सागवाड़ा।** गुजराती पाटीदार समाज चोखला पाडवा एवं खेल प्रबंध समिति की संयुक्त बैठक संत केवल मंदिर भवन पाडवा में आयोजित हुई।

बैठक प्रगति मंडल के महामंत्री मोहनलाल पाटीदार वांदरवेड की अध्यक्षता में तथा अरविंद पाटीदार नयागांव के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। विशिष्ट अतिथि पाटीदार समाज राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष डायालाल पाडवा, प्रगति मंडल के जिलाध्यक्ष वासुदेव पाटीदार, खेल समिति की जिलाध्यक्ष हरिशचन्द्र अंबाडा, पेंशनर समाज के महामंत्री हरीविठ्ठल पाटीदार, प्रभुलाल पाटीदार सिलोही, रमणलाल सागवाडा थे। स्वागत देवीलाल पाटीदार व जगपाल पाटीदार ने किया। खेल समिति के सचिव महेश कुमार जसेला ने बताया कि पाटीदार समाज का 29 वां युवा स्नेह सम्मेलन एवं खेलकूद प्रतियोगिता पाड़वा चौखले के पाड़वा गांव में 29 दिसंबर को आयोजित की जा रही है। इस खेल महोत्सव में क्रिकेट, वालीबॉल डायरेक्ट, वालीबाल इनडायरेक्ट, बैडमिंटन जूनियर सीनियर तथा टेबल टेनिस सीनियर जूनियर खेलों को शामिल किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें दिनांक 25 दिसंबर तक अपनी प्रविष्टि लालशंकर अंबाड़ा तथा देवीलाल पाटीदार पाडवा के पास जमा करा सकते हैं। 25 दिसंबर के बाद किसी भी टीम को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जायेगा। प्रतियोगिता के लिए वॉलीबाल के चार कोर्ट, क्रिकेट के दो कोर्ट, बैडमिंटन के दो कोर्ट तथा टेबल टेनिस का इनडोर कोर्ट तैयार किया गया है। क्रिकेट में चौखले एवं क्षेत्र से 1 टीम भाग लेगी। वॉलीबाल में समाज के सभी 91 गांवों से एक एक टीम भाग लेंगी। बैठक में निमन्त्रण पत्र वितरण किये गए। कार्य विभाजन करते हुए खिलाडियों को प्रतियोगिता में समय पर आने का आव्हान किया गया। संचालन रमेश चंद्र पाटीदार ने और आभार रमण लाल पाडवा ने व्यक्त किया। बैठक में जय प्रकाश पाटीदार, प्रकाश पाटीदार सिलोही, हितेश जेटीए, सुधीर घाटा का गांव लालशंकर अंबाडा, दिनेश डेचा उपस्थित थे।

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत छात्रों ने प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड से भेजी मन की बात

**भीलूड़ा।** विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय भीलूडा में आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक तथा 2047 का मेरे सपनों का भारत विषय पर पोस्टकार्ड लेखन का आयोजन किया गया जिसमें 700 भैया बहनों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपने मन की बात प्रधानमंत्री तक भेजने का कार्य किया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि प्रमुख समाज सेवी व भामाशाह जयंती लाल सुथार, अध्यक्षता प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र भगत ने की जबकि विशिष्ट आतिथ्य डाकघर भीलूड़ा के डाकपाल गिरीश दीक्षित ने किया। यहां सभी पोस्ट कार्ड प्रधानाचार्य एवं अतिथियों ने डाकपाल को भेंट किए।विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश व्यास ने 2047 का मेरे सपनों का भारत विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली अभी तक जो रही है, जो देश हित में कठोर निर्णय लेकर धारा 370 को समाप्त करना, अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का मंदिर निर्माण करवाना जैसे कार्य किये है , बहुत प्रशंसनीय है इसी तरह की कार्यशैली रही तो 2047 का भारत महात्मा गांधी की कल्पना के अनुसार भारत में राम राज्य होगा तथा पुणे विश्व गुरु के सिंहासन पर भारत माता अरुण होकर विश्व का मार्गदर्शन करेगी। अतिथियों के दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुए समारोह में सह विद्यालय प्रभारी कल्पना व्यास ने अतिथि परिचय करवाया, चिराग मेहता ने तिलक द्वारा अतिथि अभिनंदन किया। हिना रेबारी ने महान गणितज्ञ रामानुजन के जीवन वृतांत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन सीमा जोशी ने किया। समारोह में शिव शंकर बलाई, करुणा जोशी, दीक्षांत सुथार, सुरेश बुनकर, लता भट्ट, मोनिका सुथार, संध्या पंड्या आदि उपस्थित थे।

## पाडली गुजरेश्वर में ट्रक से राशन का गेंहू उतारकर घर में रखने के मामले में घर मालिक को गिरफ्तार किया

**डूंगरपुर।**

जिले के सीमलवाडा पुलिस उपाधीक्षक रामेश्वर लाल ने पाडली गुजरेश्वर गांव में ट्रक से राशन का गेंहू उतारकर घर में रखने के मामले में घर मालिक को आज गिरफ्तार किया है। जिला रसद अधिकारी ने 7 दिसम्बर को आरोपी के घर से 8 कट्टों में भरा 4 क्विंटल राशन का गेंहू बरामद किया था। सीमलवाड़ा डिप्टी रामेश्वरलाल चौहान ने बताया कि 7 दिसंबर को जिला रसद अधिकारी चिखली से डूंगरपुर लौट रहे थे। इस दौरान पाडली गुजरेश्वर गांव में ट्रक से सरकारी राशन का गेंहू एक घर पर उतारा जा रहा था। जिला रसद अधिकारी ने रूककर घर की तलाशी ली थी। डीएसओ ने घर से 8 कट्टों में भरा 4 क्विंटल गेंहू बरामद किया था। जबकि 12 कट्टों को दूसरी जगह उतार दिया था। मामले में रसद विभाग के प्रवर्तन निरीक्षक भंवरराम चौधरी ने चौरासी पुलिस थाने में राशन के गेंहू में गड़बड़ी का केस दर्ज करवाया था। इस पर पुलिस ने ट्रक चालक प्रकाश मीणा निवासी झोंथरी को गिरफ्तार कर लिया था।

डीएसपी ने बताया कि राशन का गेंहू उरवाने वाला मकान मालिक वखतराम पुत्र हलूजी रोत निवासी पाडली गुजरेश्वर को आज गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से इससे पहले राशन के गेंहू कब-कब उतारे गए इसके बारे में भी पड़ताल कर रही है। आरोपी को कल गुरुवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहीं पुलिस राशन के गेंहू की गड़बड़ी करने वाले सप्लायरों तक पंहुचने का प्रयास भी कर रही है।